7. किसी **एक** घटना या स्थिति का चित्रण कीजिए:

(क) छात्र संघ चुनाव

(ख) सड़क दुर्घटना। 7

8. कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार रूपांतरण कीजिए:

(क) विद्यार्थी पुस्तक पढ़ता है। (कर्मवाच्य)

(ख) सुबह की सैर करने से व्यक्ति शरीर से स्वस्थ रहता है और मन से भी स्वस्थ रहता है। (साधारण वाक्य)

(ग) पतंग उड़ा रहा व्यक्ति नीचे गिर गया। (मिश्र वाक्य)

(घ) लड़कियाँ आंगन में नाचेंगी। (भाववाच्य)

(ङ) गरजने वाले बरसते नहीं हैं। (मिश्र वाक्य)

(च) माँ खाना खिलाती है। (कर्मवाच्य) 6

9. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए:

(क) सार्मथ्य, (ख) शारिरीक, (ग) स्तबध 3

10. निम्नलिखित संक्षिप्तों के पूर्ण रूप लिखिए:

(क) वि०वि०

(ख) ना०प्र०स०

(ग) ई०पू०। 3



15/12/2017 (E)

***This question paper contains 6 printed pages.***

*Your Roll No.* .......................

*Sl. No. of Ques. Paper*: **125** **H**

*Unique Paper Code* **: 205140**

*Name of Paper* **: Hindi B**

*Name of Course* **: B.A. (Prog.)**

*Semester* **: I**

*Duration* **: 3 hours**

*Maximum Marks* **: 75**

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिये।)*

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) नाम में क्या रखा है— वॉट्स देअर इन ए नेम! नाम की जरूरत ही हो तो सौ दिए जा सकते हैं। सुस्मिता, गिरिकांता, वनप्रभा, शुभ्रकिरीटिनी, मदोद्धता, विजितातपा, अलकावतंसा, बहुत-से नाम हैं। या फिर पौरुष-व्यंजन नाम भी दिये जा सकते हैं— अकुतोभ्य, गिरिगौरव, कूटोल्लास, अपराजित, धरतीधकेल, पहाड़फोड़, पातालभेद! पर मन नहीं मानता। नाम इसलिए बड़ा नहीं है कि वह नाम है। वह इसलिए बड़ा होता है कि उसे सामाजिक स्वीकृति मिली होती है। रूप व्यक्ति-सत्य है, नाम समाज-सत्य है। नाम उस पद को कहते हैं, जिस पर समाज की मुहर लगी है।

(अ) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है? इसके रचनाकार का नाम बताइए।

(ब) 'नाम' से क्या तात्पर्य है ?

(स) समाज-सत्य एवम् व्यक्ति-सत्य से लेखक क्या कहना चाहते हैं ?

(ख) किसी भी अनौचित्यपूर्ण काम को करने से सदाचारी हृदय के भाव शांत नहीं रह सकते। उस कार्य के समाप्त होने के अनंतर उस हृदय में आंदोलन होता है, दुःख होता है, अशांति उत्पन्न होती है, अनुताप अथवा पश्चात्ताप होता है। मनोवैज्ञानिकों की दृष्टि में अनुताप कुछ भी हो, किंतु हमारे लिए तो अनुताप वह वस्तु है, जो मानव हृदय को उत्तरोत्तर उन्नत करती चली जाती है। स्वीकृति और अनुताप— ये दो वस्तुएँ ऐसी हैं जो हृदय को बल देती हैं।

(अ) उपर्युक्त अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके रचनाकार का नाम बताइए।

(ब) अनुताप किन परिस्थितियों में जन्म लेता है ?

(स) 'जैसा जिसका यन्त्र है'— लेखक क्या कहना चाहते हैं ?

(ग) परन्तु बहादुर बहुत ही हँसमुख और मेहनती निकला। उसकी वजह से कुछ दिनों तक हमारे घर में वैसा ही उत्साहपूर्ण वातावरण छाया रहा, जैसा कि प्रथम बार तोता-मैना या पिल्ला पालने पर होता है। सबेरे-सबेरे ही मुहल्ले के छोटे-छोटे लड़के घर के अन्दर आकर खड़े हो जाते और उसको देखकर हँसते या तरह-तरह के प्रश्न करते। 'ऐ, तुम लोग छिपकली को क्या कहते हो ?' 'ऐ,



(ज) बाँसुरी के लिए पन्नालाल घोष ने किस प्रकार की नई शैली प्रदान की ?

*(विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)*

5×2=10

4. किसी **एक** का पल्लवन कीजिए:

(क) विपत्ति कसौटी जे कसे, ते ही सांचे मीत

(ख) करत करत अभ्यास के .........

(ग) मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना। 4

5. नीचे दिए गए अवतरण का शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए:

साक्षरता वरदान है, निरक्षरता अभिशाप है। साक्षर व्यक्ति सर्वत्र सम्मान पाता है जबकि निरक्षर व्यक्ति पग-पग पर पराजित होता है। साक्षर व्यक्ति समझाने पर सत्संगति के महत्त्व को शीघ्र समझ जाता है और स्वयं को कुसंगति से बचाए रखने का सदा प्रयास करता रहता है। साक्षर व्यक्ति को निरक्षर व्यक्ति की अपेक्षा जीवन में सफलता मिलती है। पढ़ा-लिखा व्यक्ति अपने निजी कार्यों को भी सुचारु रूप से सम्पन्न करवाने में समर्थ हो जाता है। अपनी शिक्षा के बल पर वह दूसरों को शीघ्र प्रभावित कर लेता है। इसके विपरीत अनपढ़ व्यक्ति दूसरों को शीघ्र प्रभावित नहीं कर पाते। 4

6. किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखिए:

(क) साक्षरता एक वरदान है

(ख) आज की बचत कल का सुख

(ग) बाजारवाद। 8

तुमने शेर देखा है ?' ऐसी ही बातें। उससे पहाड़ी गाने की फरमाइशें की जातीं। घर के लोग भी उससे इसी प्रकार की छेड़खानियाँ करते थे। वह जितना उत्तर देता था उससे अधिक हँसता था। सबको उसके खाने और नाश्तें की बड़ी फ्रिक रहती।

(अ) उपर्युक्त अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके रचनाकार का नाम बताइए।

(ब) बहादुर के आगमन पर लेखक के घर में क्या अन्तर आया ?

(स) घर के लोग बहादुर को क्या कहकर छेड़ते थे ?

9+9=18

2. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(क) कुटज के विभिन्न अर्थों को स्पष्ट कीजिए। *(कुटज)*

(ख) अनुताप की जीवन में क्या उपयोगिता है ? *(अनुताप की महिमा)*

(ग) डाकू बाल्मीकि का हृदय परिवर्तन कैसे हो गया ? *(शुभकामना एक जीवन सत्य)*

(घ) नैतिकता क्या है ? समाज में इसका जन्म कैसे होता है ? *(नैतिकता का स्रोत)*

(ङ) शहीद रामप्रसाद बिस्मिल का नौजवानों पर क्या प्रभाव पड़ा ? *(बिस्मिल का अंतिम संदेश)*

3×4=12

3. '*परख*' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

(क) सत्यधन का स्वभाव कैसा था ?

(ख) सत्यधन के मुख से 'विधवा जी' सुनते ही कट्टो दु:खी क्यों हो गई ?

(ग) भगवद्दयाल के चरित्र की दो विशेषताएँ बताइए।

(घ) बिहारी और कट्टो ने क्या प्रतिज्ञा ली ?

(ङ) बिहारी जोखिम भरा जीवन क्यों जीना चाहता था ?

(च) गरिमा और कट्टो किस प्रकार एक दूसरे से अलग हैं ?

(छ:) गरिमा वापस शहर क्यों लौटी ? 5×2=10

**अथवा**

'*दस तस्वीरें*' पुस्तक के आधार पर किन्ही **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(क) अमरनाथ झा किस तरह के अध्यापक थे ?
*(जीवन निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)*

(ख) शिशिर भादुड़ी ने आजादी के बाद राष्ट्रीय रंगमंच को लेकर अपना दु:ख किस प्रकार व्यक्त किया है ?
*(मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)*

(ग) पुरुषोत्तम मंगेश किस प्रकार के अफसर थे ?
*(पुरुषोत्तम मंगेश लाड)*

(घ) श्री राम त्राजपेयी की बॉय स्काउटिंग एसोसिएशन किस प्रकार के कार्यों में सक्रिय थी ? *(किशोर जीवन की मुस्कान ही जिसकी साधना थी : श्रीराम वाजपेयी)*

(ङ) लक्ष्मीनारायण माथुर के जीवन का मूल मंत्र क्या था ?
*(मेरे पिता : लक्ष्मीनारायण माथुर)*

(छ:) सच्चिदानन्द का व्यक्तित्व किस प्रकार का था ?
*(एक जन्मजात चक्रवर्ती : सच्चिदानन्द सिन्हा)*